<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

ए.के.टी.यू. के जोनल स्पोर्ट्स–2018 का ओवर ऑल चैम्पियन बना हिन्दुस्तान कॉलेज

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी ने जोनल स्पार्टस मार्ट–2018 की ओवर ऑल चैम्पियन जीती। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा और खेलकूद निदेशक डॉ. राजेश कहरवार ने बताया कि ए.के.टी.यू., लखनऊ द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय जोनल स्पार्टस मीट–2018 का आयोजन बी.एस.ए. कॉलेज मथुरा में किया गया। इस प्रतियोगिता में आगरा, मथुरा, अलीगढ़ और हाथरस के विभिन्न टैक्नीकल कॉलेजों के लगभग 550 खिलाड़ियों ने आठ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। जिनमें बास्केट बॉल, वॉलीबॉल, फुटबाल, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, खों–खों, शतरंज और एथलेटिक्स प्रतियोगितायें आयोजित की गई। गोल्ड मैडल, 6 सिल्वर और 5 रजत पदक जीतकर जोनल स्पार्टस मीट में हिन्दुस्तान कॉलेज ने ओवर ऑल चैम्पियनशिप–2018 का खिताब अपने नाम किया।

इस प्रतियोगिता में कॉलेज की सौर्यसिंह चंदेल (फाइनल ईयर कम्प्यूटर साइंस इंजी.) ने 4 गोल्ड मैडल जीतकर गोल्डन गर्ल का खिताब जीता। सौर्यासिंह ने बॉस्केटबाल में गोल्ड मैडल, बैडमिंटन में गोल्ड मैडल, शॉटपुट में गोल्ड मैडल और डिस्कस थ्रो में गोल्ड मैडल जीता इस तरह से 4 गोल्ड मैडल जीतकर यह खिताब हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में हिन्दुस्तान कॉलेज ने बॉस्केट बॉल (पुरुष) और महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बैडमिण्टन–पुरुष और महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

फुटबाल (पुरुष वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस (महिला वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लांगजम्प (पुरुष) शुभम सिंह

ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जैवलिन (पुरुष) आकाश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिसकस प्रो (पुरुष) दीपक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट (महिला) सौर्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिसकस (महिला) सौर्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वालीवॉल (पुरुष वर्ग) ने कॉलेज की टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

खो–खो (पुरुष वर्ग) में कॉलेज की टीम ने रजत पदक जीता।

८०० मीटर रेस (महिला वर्ग) में सौम्या चौधरी ने रजत पदक जीता।

२०० मीटर रेस (महिला वर्ग) में मौनिका जैन ने रजत पदक जीता।

जेवलिन थ्रो (महिला वर्ग) में दिया भारती ने रजत पदक जीता।

4 ×100 रिले (महिला वर्ग) रजत पदक जीता।

ऊँचीकूद (पुरुष वर्ग) में नवनीत कुमार ने कांस्य पदक जीता।

१०० मीटर (महिला वर्ग) में शिवांगी श्रीवास्तव ने कांस्य

शतरंज (महिला वर्ग) आशना जैन ने कांस्य पदक जीता।

4 ×100 मीटर रिले (महिला वर्ग) में कांस्य पदक जीता।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने विजेता खिलाड़ियों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वैलफेयर डॉ. संदीप अग्रवाल ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।

इस अवसर पर असिस्टेंट डीन अकैडमिक श्री विजय कट्टा, संस्थान के कुलसचिव श्री ए.एस.कपूर, कुलसचिव (अकैडमिक) डॉ. अमित सक्सैना आदि उपस्थित रहे।

एच.पी. राजपूत

मीडिया प्रभारी